## सार-समाचार

### साधारण सभा की बैठक आयोजित

**चूरू** (निसं)। जिला मुख्यालय पर पंचायत समिति सभागार में प्रधान दीपचंद राहड की अध्यक्षता में सोमवार को साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पानी, बिजली, सडक, चिकित्सा सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में गत बैठक की कार्रवाई के अनुमोदन के दौरान कई जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र की समस्या का समाधान नहीं होने पर अधिकारियों से सवाल-जवाब किये। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच तनातनी भी हुई और प्रधान दीपचन्द राहड़ ने समस्याओं को लेकर अधिकारियों को फटकार लगाकर त्वरित समाधान के निर्देश दिए। बैठक में बालरासर सरपंच श्योराम सिंह ने 3 साल सालों से विद्युत कनेक्शन नहीं होने, व्यस्त ग्रामीण रास्तों पर स्पीड ब्रेकर बनवाने व प्रधान राहड़ ने डिमांड राशि जमा कराने के बावजूद बिजली कनेक्शन नहीं होने आदि समस्याओं की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त जल जीवन मिशन, अधूरी सड़क, सड़कों पर गड्ढे, पेयजल सप्लाई, चिकित्सा सुविधाओं का विकास सहित अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर एसडीएम बिजेंद्र सिंह, डीएसपी सुनील झाझडिया, तहसीलदार अशोक गोरा, बीडीओ महेंद्र कुमार भार्गव, सरपंच फोरम अध्यक्ष बलबीर ढाका, पीएचईडी एक्सईएन प्रेम कुमार, पीडब्ल्यूडी एईएन चंचल कुमारी, आयुर्वेद विभाग के संजय तंवर, सीडीपीओ शिवराज सिंह, सहायक विकास अधिकारी सोहनलाल धायल, गिरधारी लाल दईया, ताराचंद भांबू, सोमासी सरपंच संतोष मेघवाल, सहजूसर सरपंच शिवराम सिंह, लाखाऊ सरपंच विजेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह कोटवाद, दयाराम कस्वां दूधवाखारा, संजय कुमार घांघू, मजीद खान राणासर सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### भाजपा नगर अध्यक्ष पवन बोथरा का स्वागत

**राजलदेसर** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड भारतीय जनता पार्टी के राजलदेसर के नगर अध्यक्ष पवन बोथरा के निवास स्थान पर पहली बार आने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा उनका पुष्प वर्षा एवं शॉल, दुपट्टा, साफा पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष पवन बोथरा के भाजपा नगर अध्यक्ष के तौर पर 10 वर्ष शानदार पार्टी की सेवा करने पर उन्होंने कहा पवन बोथरा के नेतृत्व में 10 वर्ष के ऐतिहासिक कार्यकाल में राजलदेसर में जो पार्टी की सेवा की है उसकी मैं और मेरा भारतीय पार्टी का परिवार उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं साथ ही उन्होंने हाल ही में राज्य में भजनलाल की सरकार के द्वारा जो पूर्व में कांग्रेस सरकार ने जल्दबाजी में नए जिले एवं संभाग घोषित किए थे राज्य में भजनलाल सरकार ने उनको हटाकर सराहनीय कार्य किया है साथ ही चुरू जिले को बीकानेर संभाग में वापस मिलने पर उन्होंने कहा पूरे जिले भर से सभी सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी लगातार बधाई दे रहे हैं क्योंकि हमारी कला संस्कृति बीकानेर से जुड़ी हुई है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह राठौड़, वरिष्ठ नेता शंकरलाल खडोलिया, नेता प्रतिपक्ष दीनदयाल स्वामी, इंद्र चंद देवड़ा, पार्षद जयचंद महावर, विष्णु प्रजापत,पवन प्रजापत,भाजपा नगर महामंत्री मदन दाधीच, भगवाना राम प्रजापत, राजेश गर्ग, विक्रम शेखावत, कालूराम तंवर, ओम प्रकाश पांडे, लालचंद पांडे, किशोर सिंह, गिरधारी सिंह राठौड़ जिला प्रवक्ता, गजराज सिंह राठौड सहित सैकडों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### धर्म रक्षा कार्यक्रम आयोजित

**रतनगढ़** (निसं)। विश्व हिन्दू परिषद प्रखण्ड रतनगढ़ द्वारा स्वामी श्रद्धानंद महाराज व गुरु गोविन्द सिंह और उनके पुत्रों द्वारा धर्म रक्षार्थ दिए गए बलिदान की पावन स्मृति में धर्म रक्षा कार्यक्रम का आयोजन भरतीयों की ढाणी स्थित फक्कडनाथ आश्रम में किया गया। संत इन्द्रनाथ महाराज के सान्निध्य में हुए कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वासुदेव चाकलान व अध्यक्ष राजकुमार महर्षि मंचस्थ अतिथि रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता चाकलान ने स्वामी श्रद्धानंद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्वामी श्रद्धानंद ने लाखों की संख्या में हिन्दू धर्म से मुस्लिम बने लोगों को शुद्धि आंदोलन चलाकर पुनः हिन्दू धर्म में घर वापसी करवा कर धर्म की रक्षा की। इसी प्रकार गुरु गोविन्द सिंह और उनके चार अबोध बालकों को मुस्लिम धर्म स्वीकार नहीं करने के कारण घोर यातना देकर मृत्यु के घाट उतार दिया गया, जिनकी ऋणी हमारी सनातन संस्कृति सदैव रहेगी। परिषद अध्यक्ष राजकुमार महर्षि ने महापुरुषों के बलिदान से जातिवाद त्यागकर एक होने तथा सामाजिक समरसता से जीवन जीने और धर्म रक्षा, सेवा तथा प्रसार के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देने की शिक्षा व प्रेरणा लेने का आव्हान किया। संत इन्द्रनाथ महाराज ने परिषद के कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना की। धर्म रक्षा व प्रसार जिला संयोजक कृष्ण कुमार रामावत व राजकुमार चांदगोठिया ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संचालन रामदेव चंदनिया ने किया। इस अवसर पर संत वचननाथ महाराज, जयप्रकाश ताम्रायत, अजय गार्गी सारस्वत, सत्यनारायण टेलर, पीरूमल भोभरिया, बजरंग लाल प्रजापत, महेन्द्र कुमार गार्ड, दीनदयाल यज्ञस्थलीया, राधेश्याम रांकावत, परमेश्वर लाल आत्रेय, ओम मनोहर स्वामी, जयकांत बींवाल, नवीन हरितवाल,अरविन्द मिश्रा सहित सैकडों गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### इंटरनेशनल डांस प्रतियोगिता में डूंडलोद गर्ल्स स्कूल चैंपियन रही

**बलवंतपुरा** (निसं)। 29 दिसम्बर को नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित एशियन डांस समिट में क्लासिक व सेमीक्लासिक डांस की प्रस्तुतियां देते हुए झुंझुनूं में स्थित डूंडलोद गर्ल्स स्कूल बलवंतपुरा इंटरनेशनल डांस चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर न केवल राजस्थान बल्कि भारत का नाम रोशन किया। विद्यालय प्राचार्या इंदू सोनी ने बताया कि नृत्य गुरू स्वाति के निर्देशन में आठ छात्राओं के दल ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से हजारों दर्शकों व निर्णायकों को भाव विभोर कर दिया। प्रतियोगिता में विभिन्न देशों से 42 नृत्य दलों ने भाग लिया। छात्राओं के इस दल में शामिल तृषा चौधरी, इशानी, आराध्या चौधरी, त्वेषा जोशी, ज्हानवी चोटिया, माही चौधरी, तृषा वर्मा व आराध्या लाल ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। नृत्य गुरु स्वाति कुमावत को बेस्ट कोरियोग्राफर व अनुश्रुति अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सचिव बीएल रणवां ने स्कूल की इस उपलब्धि के लिए डूंडलोद गर्ल्स स्कूल परिवार को बधाई दी व उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारे विद्यार्थियों को विभिन्न संस्कृतियों को जानने का अवसर मिलता है व अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मंच मिलता है। भारत आगमन पर इन छात्राओं का दिल्ली एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया जाएगा।

### 'लोकतंत्र में अहंकार की कोई जगह नहीं'

**रतनगढ़** (निसं)। पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड आज रतनगढ के दौरे पर रहे। स्थानीय चूरू बस स्टैंड के पास भाजपा नेता भागीरथ सिंह राठौड घुमान्दा के नेतृत्व में पूर्व प्रतिपक्ष नेता राठौड का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व प्रतिपक्ष नेता राठौड ने राज्य सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल के बारे में बताते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में बिना किसी मापदंडों के जिलों एवं संभाग का गठन किया था, जिसका उद्देश्य केवल कांग्रेस वोट बैंक बढाना था। कांग्रेस ने थोथी घोषणाएं कर मुफ्त में रेवड़ियां बाटने का काम किया था, लेकिन भजनलाल सरकार धरातल पर काम कर रही है। राठौड में डोटासरा पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकतंत्र में अहंकार की कोई जगह नहीं है। यह घुमती हुई कुर्सी किस करवट बैठ जाए, कहा नहीं जा सकता। उन्होंने डोटासरा को नसीहत देते हुए कहा कि जनता सब जानती है। अब कांग्रेस जनता के कंधों की तलाश कर रही है। इस दौरान दर्जनों लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं से राठौड़ को अवगत करवाते हुए उन्हें समस्या समाधान की मांग को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष शिवभगवान कम्मा, एड बजरंग गुर्जर, गोपाल कृष्ण शर्मा, रघुवीर सिंह राठौड़, भाजपा नेता पवन सिंह कुसुमदेसर, सरपंच साबुसिंह सेहला, दातार सिंह भरपालसर, देवेद्र सिंह नोसरिया, भवरलाल पुनिया, बाबूलाल स्वामी, सम्पत नायक, महावीर सिंह, दीनदयाल पारीक, गिरधारी सिंह जेगणिया, बुधमल माटोलिया, करणी सिंह राजियासर, रणवीर सिंह ठठावता, नरपत सिंह बीका सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पैरा ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट का सम्मान

**झुंझुनूं**, (निसं)। बीकानेर में आयोजित पैरा ओलंपिक गेम्स में वार्ड नंबर 54 के मनीराम सैनी की धर्मपत्नी जीवणी देवी गोला फेंक में गोल्ड मैडल हासिल कर वार्ड, झुंझुनूं एवं राजस्थान का नाम रोशन किया है। इस उपलक्ष में वार्ड के निवर्तमान पार्षद चंद्रप्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में सेठ मोतीलाल कॉलेज स्टेडियम स्थित इच्छापूर्ण बालाजी एवं चंद्रेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में जीवणी देवी का स्वागत किया गया। जिसमें वार्ड की महिलाओं ने तिलक लगाकर साड़ी भेंट कर पुष्पमाला पहनकर एवं पार्षद एवं अन्य वार्ड वासियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर जीवणी देवी का स्वागत सत्कार किया।

# बर्तन बेचने के बहाने ग्रामीण महिलाओं से गहने ठगने वाली गैंग का खुलासा

**खेतड़ी**, (निसं)। मेहाडा पुलिस ने सोमवार को बर्तन बेचने के बहाने ग्रामीण महिलाओं से गहने ठगने की गैंग का पर्दाफाश किया है। इस दौरान पुलिस ने बिहार व झारखंड में ठगी की गैंग में शामिल दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी सरदारमल चौधरी ने बताया कि 27 दिसंबर को राकेश कुमार ने रिपोर्ट दी कि दो अज्ञात महिलाएं बर्तन बेचने के बहाने उनके घर में घुस गई।

इस दौरान पुराने बर्तन बदलकर नए बदलकर देने का झांसा दिया ओर पुराने बर्तन बदलकर नए बर्तन दे गई। इसके बाद सोने चांदी के गहने बदलवाने पर गिफ्ट के तौर पर स्कूटी देने का झांसा दिया ओर ग्रामीण महिलाओं को बहला फुसलाकर सोने चांदी के गहने लेकर फरार हो गई। थाने में मामला दर्ज होने के बाद एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एक विशेष टीम का गठन कर ग्रामीण महिलाओं से ठगी करने वाली गैंग पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस ने आसपास के इलाकों में अभियान चलाकर तलाश की गई तो सामने आया कि बिहार व झारखंड से गैंग क्षेत्र में आई हुई है तथा ग्रामीण महिलाओं को झांसें में लेकर वारदात को अंजाम दे रही है।



मेहाड़ा पुलिस ने बर्तन बेचने के बहाने ग्रामीण महिलाओं से गहने ठगने की गैंग में शामिल दो महिलाओं को गिरफ्तार किया।

इस दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घटना को अंजाम देने वाली दो शातिर महिलाओं कटकमसांडी झारखंड निवासी चिंटू देवी पत्नी दलीप मल्हार व गोपीमोड रामपुर बिहार निवासी सकीना पत्नी सुरजकुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों गिरफ्तार महिलाओं के कब्जे से ठगी कर ले जाए गए गहने की बरामद किए हैं। थानाधिकारी ने बताया कि दोनों गिरफ्तार महिलाओं से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा गैंग में शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। इस दौरान पुलिस टीम में थानाधिकारी सरदारमल चौधरी, एचसी अशोक कुमार, कांस्टेबल चोखाराम, रवि कुमार, नीलम आदि शामिल थे।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नाम ज्ञापन दिया

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर के राजकीय चिकित्सालय में लंबे समय से डॉक्टरों के रिक्त पदों को लेकर एवं सफाई व्यवस्था को लेकर राजलदेसर सर्व समाज की ओर से चूरू जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मनोज शर्मा को चिकित्सक एंटोनी को ज्ञापन सौंप कर अवगत कराया की अगर तीन दिन के अंदर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो अस्पताल के आगे धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर जब्बार खोखर, भागीरथ रेगर, मोहनलाल मेघवाल, इदरीश खत्री एवं कस्बे के अन्य नागरिकों ने बताया कि राजलदेसर कस्बे का एकमात्र राजकीय चिकित्सालय हैं जिसमें लंबे समय से जो रिक्त पद चल रहे हैं उसको लेकर पूरे कस्बे वासी चिकित्सा व्यवस्था से बिल्कुल संतुष्ट नहीं है साथ ही यहां पर नेशनल हाईवे नंबर 11 होने पर आए दिन एक्सीडेंट केस भी खूब आते है।अधिकांश समय में चिकित्सा यहां पर नहीं मिलने के कारण उनको भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है साथ ही चिकित्सा परिसर में जगह-जगह सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट पडी है किसी तरह का कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है एवं समय रहते हुए उन्होंने कस्बे के समस्त नागरिकों की भावना का सम्मान करते हुए अति शीघ्र चिकित्सालय में अधिक पद बढ़ाने की मांग की।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)**

क्रमांक :- न.पा.रा./भूमि/2024/ दिनांकः-........

**आपत्ति-आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री राजकुमार पुत्र श्री रतिराम व प्रवीण कुमार पुत्र श्री रतिराम जाति कुम्हार साकिन वार्ड नं. 26 रावतसर ने आनलाईन आवेदन कर अपने खरीदशुदा भूखंड का नामांतरण अपने नाम से चाहा है। उक्त भूखंड का मूल पट्टा श्री हरिराम पुत्र श्री पन्नालाल सैनी के नाम से साईज 50 गुणा 80 दिनांक 16.06.2022 को नगरपालिका रावतसर द्वारा 69क के तहत पट्टा जारीशुदा है। श्री हरिराम की मृत्यु दिनांक 05.06.2024 को हो गई। मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न है। श्री हरिराम ने अपने जीवित काल में जरिये उप संयुक्त पंजीयन अधिकारी आदमपुर तहसील आदमपुर जिला हिसार से दिनांक 11.02.2013 के द्वारा अपने पुत्र श्री रामनिवास व श्री अशोक को वसीयत कर दी। उक्त दोनों पुत्रों ने अपने पिता पश्चात जरिये उपपंजीयक अधिकारी रावतसर द्वारा दिनांक 11.11.2024 को श्री राजकुमार पुत्र श्री रतिराम व श्री प्रवीण कुमार पुत्र श्री रतिराम को साईज 50 गुणा 80 फुट बहिस्सा बैचान कर दिया। अब उक्त श्री राजकुमार व श्री प्रवीण अपने-अपने नाम से नामांनतरण किया जाना है। अतः उक्त आवासीय भूखंड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो,तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 7 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर



**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, राजगढ़ (चूरू)**

क्रमांकः-न.पा.रा./2024-25/3250-3254 दिनांकः-30.12.2024

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

स्वायत्त शासन विभागं राजस्थान जयपुर की अधिसूचना क्रमांक प.8(ग)()नियम/डीएलबी/2024/5066 दिनांक 22.11.2024 के अनुसार जनगणना 2011 के आधार पर नगर निकायों में वार्डो का पुनः निर्धारण किया गया है जिसके अनुसार नगर पालिका क्षेत्र राजगढ़ (चूरू) में वार्डो की संख्या 40 निर्धारण किया गया है। उक्त अधिसूचना की पालना में नगर पालिका राजगढ़ (चूरू) द्वारा 40 वार्डो के प्रस्ताव तैयार किये गये है जिनके सींमाकन का वार्डवार विवरण नगर पालिका क्षेत्र के नगर पालिका राजगढ़/ उपखण्ड कार्यालय/तहसील कार्यालय/पंचायत समिति/ सर्व हितकारिणी पुस्तकालय/ घण्टाघर के नोटीस बोर्ड पर चस्पा किया गया है। अतः नव गठित वार्डो के पुनर्गठन/पुनसींमाकंन के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 31.12.2024 से 19.01.2025 तक के मध्य अपनी आपत्ति लिखित रूप अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, राजगढ़


# मिलावटखोरी के मामलों में एडीएम ने जुर्माना लगाया

**झुंझुनूं**, (निसं)। झुंझुनूं एडीएम न्यायालय में आए मिलावटखोरी के मामलों में एडीएम डॉ. अजय कुमार आर्य ने भारी भरकम जुर्माना ठोकते हुए मिलावटखोरी के खिलाफ कड़ा संदेश दिया है।

दरअसल झुंझुनूं के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की एफएसओ टीम द्वारा समय-समय पर लिए गए सैंपलों में से 21 सैंपल फेल हो गए। इनमें एक अनसेफ की कैटेगिरी तथा शेष 20 सैंपल सब स्टैंडर्ड की कैटेगिरी में आए। जिनके विरूद्ध कार्रवाई के लिए परिवाद एडीएम न्यायालय में प्रस्तुत हुए। इनमें डॉक्टर अजय कुमार आर्य ने पिलानी के रामकुमार शर्मा एंड संस की आटा फैक्ट्री से लिए गए आटे का सैंपल अनसेफ मिलने पर अधिकतम तीन लाख का जुर्माना लगाया है। जो अब तक का झुंझुनूं जिले में सबसे बडा जुर्माना है। इसके अलावा जिले में डेयरी नाइस नाम के घी के सैंपल भी फेल हो गए है।

चिड़ावा की एक फर्म से लिए गए डेयरी नाइस घी के सैंपल सब स्टैंडर्ड के मिले है। जिस पर उस पर दो लाख रूपए का जुर्माना ठोका गया है। इसके अलावा सात सैंपल फेल होने पर उन पर डेढ-डेढ लाख, आठ सैंपल फेल होने पर उन पर एक-एक लाख तथा खुले में बिकने वाले मसाले हलदी धनिया के सैंपल फेल होने पर फर्मो के खिलाफ 50-50 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है।

सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि सभी फर्मो से जुर्माना वसूलने के लिए एफएसओ को निर्देश दिए है। कुल 21 प्रकरणों में 25 लाख 50 हजार रूपए का जुर्माना वसूला जाएगा। इधर, श्रीगंगानगर में भी ऐसी ही कार्रवाई करते हुए बिसाऊ की भगवती उद्योग के बिसाऊवाला श्री ब्रांड बेसन का सैंपल फेल होने पर तीन लाख रूपए का जुर्माना लगाया गया है।

श्रीगंगानगर में तो ना केवल बेसन निर्माता फैक्ट्री, बल्कि डीलर और रिटेलर पर भी जुर्माना लगाया गया है। आपको बता दें कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम में अधिकतम जुर्माने की राशि तीन लाख रूपए है। लेकिन इससे पहले 10 से 50 हजार रूपए का जुर्माना लगाकर मामले को निपटा दिया जाता था। इस बार लाखों की राशि में जुर्माना लगाने के बाद मिलावटखोरों में हड़कंप मचा हुआ है।

पिलानी की मैसर्स रामकुमार शर्मा एंड संस रिको आटा फैक्ट्री के मालिक प्रमोद कुमार शर्मा का आटा अनसेफ मिला। जिस पर तीन लाख रूपए का जुर्माना लगाया गया है। चिड़ावा में डेयरी नाइस घी सब स्टैंडर्ड का यानि कि मिलावटी मिला। जिस पर एक फर्म के दो लाख रूपए और एक फर्म के एक लाख रूपए का जुर्माना लगाया गया। सूरजगढ़ के वार्ड नंबर दो में न्यू बीकानेर मिष्ठान भंडार का मिल्क केक सब स्टैंडर्ड मिलने पर फर्म मालिक संत कुमार डेढ़ लाख रूपए का जुर्माना लगाया गया।

इसी तरह चिडावा की तोला सेही रोड पर बीएमबी मिष्ठान भंडार का मावा सब स्टैंडर्ड मिलने पर बुधराम सैनी पर, सिंघाना के न्यू सब्जी मंडी में स्थित अशोक किराना स्टोर पर नोवा ब्रांड घी सब स्टैंडर्ड मिलने पर प्रताप सैनी पर, पिलानी की राजगढ रोड पर राकेश मिष्ठान भंडार का पनीर सब स्टैंडर्ड मिलने पर राकेश सैनी पर, मंडावा के सुभाष चौक पर स्थित चौपदार मिष्ठान भंडार का पेड़ा मावा मिठाई सब स्टैंडर्ड मिलने पर विनोद कुमार चोपदार पर, डूमरा के पेट्रोल पंप के सामने स्थित श्याम रसगुल्ला फैक्ट्री का मावा सब स्टैंडर्ड मिलने पर सुमेर सिंह पर, पिलानी के मैन मार्केट में जय श्री श्याम मिष्ठान भंडार का गुलाब जामुन सब स्टैंडर्ड का मिलने पर मूलचंद सैनी पर डेढ-डेढ़ लाख रूपए का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा आठ फर्मों यशराज रसगुल्ला एंड खोया भंडार खारिया मोदी की ढाणी चिराना नवलगढ, हरि मिष्ठान भंडार कॉलेज स्टैंड बडागांव, भारती जोधपुर मिष्ठान भंडार हाउसिंग बोर्ड झुंझुनूं व दौलत इंडस्ट्रीज पंचदेव मंदिर के सामने झुंझुनूं आदि के अलग-अलग सैंपल सब स्टैंडर्ड के मिलने पर एक-एक लाख रूपए का जुर्माना लगाया गया है। वहीं चार फर्मों के मसाले सब स्टैंडर्ड मिलने पर 50-50 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है।


MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.01.2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

चूरू, चूरू राजस्थान, 135110700011053, 1075, 1076, 1084, 135110730029885, 135110750000028, सरदार शहर, 135720700010326, 0345, 0359, 0366, 135720730026602, 6742, 6755, सुजानगढ, 135090700015054, 5074, 135090730057085, 8501, हनुमानगढ़, बाबा शाम सिंह कॉलोनी, 117270700058034, 8072, 8078, 8107, 8108, 8111, 8141, 8158, 8162, 8165, 8184, 8196, 117270730039189, 9403, बस स्टैंड गेट हनुमानगढ़, 117320700029401, 9535, 117320730020243, नोहर राजस्थान, 135640700027785, 7848, 7884, 7887, 8016, 8039, 8040, 8060, 8061, 8067, 8749, 135640730051071, 1121, 1186, 4917, 135640750000078, पिलीबंगन, 135180700032772, 2784, 135180750000053, नागपुर , लाडनूं, 137990700001414, 1612, 1616, 2608, 2609, 137990730014585, 4586, 137990750000035, मकराना, 138030700003688, 138030730040861, श्रीमाधोपुर राजस्थान, 135520700010686, 135520730064273, 4291, 135520750000070, 135520780000181, सीकर, बजाज रोड सीकर, 111830700044886, 4908, 4985, 4993, 4994, 111830730084517, 4880, 4993, 5055, 5095, 5126, 5183, फतेहपुर राजस्थान, 135330700012085,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु


# एसएफआई का स्थापना दिवस मनाया, छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी

**झुंझुनूं**, (निसं)। छात्र संगठन एसएफआई का 55वां स्थापना दिवस मंडावा मोड़ स्थित अंबेडकर भवन में सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष अनीश धायल ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर संगठन से जुडी विभिन्न छात्र छात्राओं ने राजस्थानी गीतों समेत अन्य पर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर संगठन के सभी पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारियों को प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। एसएफआई के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष जाखड़ ने उद्घाटन भाषण दिया और एसएफआई के संघर्षशील इतिहास के बारे में बताते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति लागू कर के देश और प्रदेश के गौरवशाली इतिहास को छुपाने की कोशिश की जा रही है।

एसएफआई के संस्थापक सदस्य व पूर्व प्रदेश सचिव कॉमरेड फूलचंद बर्बर ने बताया कि देश में जहां भी विद्यार्थी हितो के खिलाफ नीति अपनाई जाएगी। वहां एसएफआई का एक-एक कार्यकर्ता उस नीति के खिलाफ आंदोलन करता है। एसएफआई के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज गुर्जर व प्रदेश संयुक्त सचिव सचिन चोपड़ा ने बताया कि एसएफआई सिर्फ विद्यार्थी वर्ग ही नहीं बल्कि कमजोर पिछडे वर्ग, दलित, महिला, किसान, मजदूर, बेरोजगार के लिए भी सबसे अग्रिम पंक्ति में खड़ा रहता है।

जिलाध्यक्ष अनीश धायल ने बताया कि इस सत्र में झुंझुनूं में एसएफआई के विस्तार के लिए सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें संगठन में पचास हजार सदस्यता पूरी करेगा। जिसके लिए इकाई से जिला स्तर पर तैयारी की जाएगी। एसएफआई के जिला महासचिव आशीष पचार ने कहा कि एसएफआई गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की, उचित चिकित्सा व्यवस्था की, रोजगार की बात करता है। जब तक देश की राज्य और केंद्र की सरकारें इन मामलों पर नहीं गौर करती है तब तक एसएफआई विद्यार्थी, मजदूर, बेरोजगार, किसान की लडाई लडता रहेगा। प्रदेश कमेटी सदस्य चुकी नायक, जिला केंद्र से विकास जैदिया, शाहिल कुरैशी, निकिता शर्मा, कपिल चोपडा, छात्रा संयोजक प्रिया चौधरी, पूजा नायक, डीवाईएफआई के जिलाध्यक्ष राजेश बिजारणियां, जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र टोडरवास, साबिर भाटी, महिपाल पूनियां, किसान नेता सुमेर बुडानिया, किसान सभा से मदन यादव, राजेश आलडिया समेत अन्य ने भी समारोह को संबोधित किया। इस दौरान कॉलेज कमेटी के अध्यक्ष अमित शेखावत, गौरव, साहिल, ऋचा, नवनीत, अंकित, धोनी, काजल, टुनटुन, पूजा बजाड़, सुमित सुइवाल, दीपक, विक्रम, आदिल भाटी, अकीब, राधिका, रश्मि सैनी, अमित सैनी, अरुण मिश्रा, सुनीता, अजय,पूजा, कविता, सोएब खान व अनेक कार्यकर्ता व विद्यार्थी मौजूद रहे। छात्र संगठन एसएफआई के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष जाखड़ ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि जल्द ही एसएफआई झुंझुनूं में खेल विश्वविद्यालय शुरू करवाने के लिए आंदोलन करेगी। यह आंदोलन झुंझुनूं से शुरू होगा और सरकार ने नहीं सुनी तो पूरे प्रदेश में एसएफआई सड़कों पर उतरकर अपनी मांग मनवाएगी। प्रदेश अध्यक्ष सुभाष जाखड सोमवार को झुंझुनूं के दौरे पर रहे। उन्होंने एसएफआई के 55वें स्थापना दिवस के मौके पर अंबेडकर भवन में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत

**नवलगढ़**, (निसं)। कस्बे के किसान छात्रावास से छोटा बस स्टैंड रोड़ पर रविवार रात्रि को अज्ञात वाहन की टक्कर से नवलगढ़ के वार्ड 11 छोटा बस स्टैंड निवासी ओमप्रकाश गुरावा (44) पुत्र खेमचंद गुरावा की मौत हो गई। इस संबंध में मृतक के बहनोई किसारी निवासी रतन लाल पुत्र रामेश्वरलाल ने पुलिस थाने में सोमवार सुबह रिपोर्ट दी। पुलिस में दी गई रिपोर्ट के अनुसार ओमप्रकाश गुरावा रविवार 29 दिसंबर रात्रि लगभग 9.30 बजे घूमचक्कर नवलगढ़ से मजदूरी करके रोड पर अपनी साइड पैदल चलता हुआ घर आ रहा था। इस दौरान हरि हॉस्पिटल के 100 मीटर घूमचक्कर की तरफ तेज गति व लापरवाही से आते हुए अज्ञात वाहन ने जानबूझकर टक्कर मारी तथा टक्कर मारने के बाद वहां से फरार हो गया। जिससे पूरी शंका व अंदेशा है कि उसकी हत्या करने की कोशिश की गई।

# देर शाम तक संगीत संध्या सजी

**चूरू** (निसं)। लोक संस्कृति शोध संस्थान नगर श्री में रविवार शाम को संगीत संध्या का आयोजन किया गया। नगर श्री सचिव श्याम सुन्दर शर्मा ने बताया कि दिसंबर माह के अंतिम रविवार को अंचल के जाने-माने संगीतज्ञ डॉ. श्याम सुन्दर शर्मा की अध्यक्षता में व रामसिंह बीका के विशिष्ट सान्निध्य में संगीत संध्या का भव्य आयोजन किया गया। झुग्गी झोंपडी में रहने वाले व आपणी पाठशाला में पढ़ने वाले बालक राजूनाथ की सुरीली आवाज में प्रस्तुत बेमेल विवाह पर गीत-ओबीरा बूढ़ै नै ना परणाई रे मनै. व मेरी वफा के बंधन में गजल से कार्यक्रम का आगाज किया गया। कार्यक्रम में अंकुशा बुंदेला, अयान चौहान, प्रिया राव ने एक से बढ़कर एक गजल सुना कर समां बांध दिया। सुजान सिंह खींची व ओमप्रकाश राव के लोकगीतों की धूम मचाई। रवि सेन, शीतल सोनी, पुरूषोतम चांद, भगवती पारीक, मुबारक अली भाटी, डॉ. के.सी. सोनी, शैलेन्द्र माथुर,




लोक संस्कृति शोध संस्थान नगर श्री में संगीत संध्या का आयोजन किया गया।

नरेन्द्रसिंह चौहान, बालकिशन तिवाडी, लोकेश शर्मा, राजकुमार शर्मा,अनिल झिरमिरिया, सुरेन्द्र सिंह, रामसिंह बीका ने शानदार प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। देर शाम तक गानों गीतों की महफिल जमी रही। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. श्याम सुन्दर शर्मा ने ऐसे संगीतमय आयोजन की प्रशंसा की। उनके द्वारा पं. भरत व्यास के गीत तेरे सुर और मेरे गीत दोनों मिलकर बनेगी प्रीत की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्रो. कमल सिंह कोठारी ने किया।


**केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण आवास संगठन**
(आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के तत्वावधान में भारत सरकार का एक स्वायत्त निकाय) 9वी मंजिल, ''बी'' विंग, जनपथ भवन, जनपथ नई दिल्ली-110001 फोन-23717249/23355408/23322192

**भोपाल में अवास परियोजना के लिए मांग सर्वेण**

केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण आवास संगठन (CGEWHO) ने 1990 में अपनी स्थापना के बाद से पूरे भारत में 33 आवास परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया है। CGEWHO विशेष रूप से केन्द्र सरकार, केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों, राज्य सरकारी, संघ शासित प्रदेशों, स्वायत्त निकायों, निगमों और राष्ट्रीकृत बैंकों के कर्मचारियों के लिए किफायती आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।
सीजीईडब्लूएचओ अब भोपाल में प्रस्तावित आवास परियोजना के लिए मांग सर्वेक्षण कर रहा है।
मुय विवरण-
- स्थान-प्रस्तावित परियोजना होशंगाबाद कनेक्टिंग रोड, भोपाल के पास मिसरोद बर्रई 45 मास्टर प्लान रोड योजना में 4.45 एकड़ के भूखंड (भूखंड क्रमांक बीजी-22) पर स्थित होगी।
- परियोजना का आंकार- बहुमंजिला इमारत में लगभग 300 आवासीय इकाइयों (डीयू) की योजना बनाई गई है, जिसमें प्रत्येक इकाई में तीन या चार बेडरूम होंगे। इकाइयों का अनुमानित सुपर बिल्ट-अप एरिया (एसबीए) 1500 से 2000 वर्गफीट तक होगा।
- पात्रता- यह सर्वेक्षण केवल केन्द्र सरकार, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, राज्य सरकारों, संघ शासित प्रदेशों, स्वायत्त निकायों, निगमों और राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारियों के लिए खुला है।
- आराण- 50 प्रतिशत आवासीय इकाइयां (डीयू) मांग सर्वेक्षण के उत्तरदाताओं के लिए आरक्षित होंगी, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर आवंटित किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें-**
- विवरण नियम व शर्तो तथा आवेदन पत्र डाउनलोड करने के लिए कृपया सीजीईडब्ल्यूएचओ की वेबसाइट www.cgewho.in पर जाए।
- पूर्ण रूप से भरे गए फॉर्म 30 दिनों के भीतर डाक या ई-मेल द्वारा निम्नलिति पते पर जमा किए जाने चाहिए।

उप निदेशक (प्रशासन), सीजीईडब्ल्यूएचओ
''बी'' विंग, 9वीं मंजिल, जनपथ भवन, जनपथ, नई दिल्ली-110001
ईमेल- marketingcgewho@gmail.com

किसी भी प्रश्न के लिए आप निम्नलििति व्यक्तियों से संपर्क कर सकते है-
श्री रोशन किशोर (एम) 9560022232, श्री नितीश गर्ग (एम) 8826461114
सीईओ, सीजीईडब्ल्यूएचओ को बिना कोई कारण बताए योजना या मांग सर्वेक्षण को छोडने का अधिकार सुरक्षित है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी
सीजीईडब्ल्यूएचओ

CBC 20105/12/0016/2425